Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## जून भाग-2
## 2024

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न और उत्तर

**1. भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त सांविधिक निकाय है।
2. यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत संचालित होकर सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा और उसे बढ़ावा देने के लिये उत्तरदायी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006** के तहत स्थापित एक स्वायत्त सांविधिक निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- FSSAI का **मुख्यालय नई दिल्ली** में है और देश भर में आठ क्षेत्रों में इसके क्षेत्रीय कार्यालय हैं।
- FSSAI भारत में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता को विनियमित और पर्यवेक्षण करके सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा और संवर्द्धन हेतु उत्तरदायी है, जो **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन काम** करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**2. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (India-Middle East-Europe Economic Corridor-IMEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस पर वर्ष 2020 के रियाद शिखर सम्मेलन में हुए G20 शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किये गए थे।
2. इसका उद्देश्य भारत, मध्य पूर्व और यूरोप को जोड़ने वाला एक व्यापक परिवहन नेटवर्क बनाना है, जिसमें रेल, सड़क और समुद्री मार्ग शामिल हैं।
3. भारत, अमेरिका और यूरोपीय संघ IMEC के हस्ताक्षरकर्त्ताओं में से हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (India-Middle East-Europe Economic Corridor- IMEC):**

- सितंबर **2023 में नई दिल्ली में G20 शिखर सम्मेलन** में इस पर हस्ताक्षर किये गए थे। **इसलिये, कथन 1 सही नहीं है।**
- IMEC का लक्ष्य भारत, मध्य पूर्व और यूरोप को जोड़ने वाला एक **व्यापक परिवहन नेटवर्क** बनाना है, जिसमें रेल, सड़क और समुद्री मार्ग शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें एक विद्युत केबल (Electricity Cable), एक हाइड्रोजन पाइपलाइन और एक हाई-स्पीड डेटा केबल भी शामिल होगी।
- **भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय संघ, इटली, फ्राँस और जर्मनी** IMEC के हस्ताक्षरकर्त्ता हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**3. ट्यूबरकुलोसिस (TB) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वायु के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचरित होने वाला रोग है।
2. TB रोग का टीका बेसिल कैलमेट-गुएरिन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ट्यूबरकुलोसिस (TB), **माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस** के कारण होने वाला एक संक्रामक रोग है।
- यह आमतौर पर **फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन शरीर के अन्य हिस्सों** को भी प्रभावित कर सकता है।

- टीबी रोग, **वायु के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता** है। जब फेफड़ों की टीबी से पीड़ित लोग खाँसते, छींकते या थूकते हैं, तो इससे टीबी के कीटाणु वायु में विसर्जित होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **बेसिल कैलमेट-गुएरिन (BCG),** ट्यूबरकुलोसिस का टीका है। इसका नाम इसके आविष्कारकों **अल्बर्ट कैलमेट और केमिली गुएरिन** के नाम पर रखा गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**4. निम्नलिखित विशिष्टताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह व्यापार मार्गों का एक बृहत नेटवर्क था जो यूरोप के अटलांटिक समुद्र तट को एशिया के प्रशांत तट से जोड़ता था।
2. यह समरकंद, बेबीलोन और कॉन्स्टेंटिनोपल से होकर गुज़रता था।
3. इस मार्ग का उपयोग सोने और कीमती पत्थरों के परिवहन के लिये किया जाता था।

**निम्नलिखित में से कौन-सा मार्ग उक्त विशिष्टताओं को परिभाषित करता है?**

A. सिल्क रोड
B. स्पाइस रूट
C. इन्सेंस रूट
D. एम्बर रोड

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिल्क रोड**

- सिल्क रोड **यूरोप के अटलांटिक समुद्र तट को एशिया के प्रशांत तट से जोड़ने वाले व्यापारिक मार्गों का एक विशाल नेटवर्क** था, जिसका इतिहास 1,500 वर्षों से भी अधिक पुराना है।
- इसका नाम इस मार्ग के सुदूर पूर्वी छोर पर स्थित चीन से होने वाले आकर्षक रेशम के व्यापार के कारण रखा गया था।
  - रेशम के अलावा, इस मार्ग का उपयोग मसालों, **सोने तथा कीमती पत्थरों जैसी अन्य वस्तुओं** के व्यापार हेतु किया जाता था।
- यह मार्ग **समरकंद, बेबीलोन और कुस्तुंतुनिया** सहित कई महत्त्वपूर्ण शहरों एवं राज्यों से होकर गुज़रता था।
- सिल्क रोड का इतिहास 1,500 वर्षों से भी अधिक का है, जिसे पारंपरिक तौर पर दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व (जब यूरोप एवं चीन के बीच संपर्क और भी मज़बूत हुए थे) का माना जाता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**5. करीबा झील के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आयतन के संदर्भ में यह विश्व की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील और जलाशय है।
2. यह ज़ाम्बिया और अंगोला की सीमा पर स्थित है।
3. चेटे और चिनंका द्वीप कैरिबा झील में स्थित हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**करीबा झील:**

- आयतन के संदर्भ में **कैरिबा झील** विश्व की **सबसे बड़ी मानव निर्मित झील और जलाशय** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **ज़ाम्बिया और ज़िम्बाब्वे** की सीमा पर हिंद महासागर प्रवाह के विपरीत में लगभग 1300 किलोमीटर दूर स्थित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **चेटे और चिनंका द्वीप** कैरिबा झील में स्थित हैं। चिनंका निजी स्वामित्व वाला द्वीप है जहाँ केवल मत्स्यन लॉज के मेहमानों के आगमन की अनुमति है। **अत: कथन 3 सही है।**

**6. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास | मेज़बान देश |
|---|---|
| 1. पिच ब्लैक | a. संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 2. रेड फ्लैग | b. चीन |
| 3. तरंग शक्ति | c. भारत |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास:**

- **अभ्यास पिच ब्लैक ऑस्ट्रेलिया** द्वारा आयोजित किया जाता है। युद्ध अभ्यास आम तौर पर उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के डार्विन और टिंडल में RAAF ठिकानों पर होता है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अभ्यास रेड फ्लैग** की मेज़बानी **संयुक्त राज्य** अमेरिका द्वारा की जाती है। इसे वर्ष में चार बार अमेरिकी वायु सेना (USAF) द्वारा आयोजित किया जाता है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **तरंग शक्ति भारत का पहला बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास** है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा आयोजित रेड फ्लैग अभ्यास से प्रेरित है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

7. **"यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति स्थापित करने के लिये इसे ब्रुसेल्स, बेल्जियम में आयोजित किया गया था।
   2. इस शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स के किसी भी सदस्य ने भाग नहीं लिया।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन:**

- **"यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन"** यूक्रेन में न्यायपूर्ण और **स्थायी शांति की दिशा में एक आम समझ विकसित करने के लिये स्विटज़रलैंड के बर्गनस्टॉक** में आयोजित किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात ने शिखर सम्मेलन में भाग लिया। ब्राज़ील** ने **पर्यवेक्षक** के रूप में यूक्रेन शिखर सम्मेलन में भाग लिया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

8. **अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह विश्व बैंक समूह का सदस्य है।
   2. यह विकासशील देशों में निजी क्षेत्र पर केंद्रित सबसे बड़ी वैश्विक विकास संस्था है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC):**

- **अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) विश्व बैंक समूह का** सदस्य है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IFC विकासशील देशों में **निजी क्षेत्र** पर केंद्रित सबसे बड़ी वैश्विक विकास संस्था है। **अत: कथन 2 सही है।**
- विकास को प्रोत्साहित करके, IFC आर्थिक विकास को आगे बढ़ाता है, रोज़गार सृजन करता है और लोगों के जीवन में सुधार लाता है।

9. **किसान क्रेडिट कार्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. KCC योजना का मॉडल नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) द्वारा आर.वी. गुप्ता समिति (1995) की सिफारिशों के आधार पर तैयार किया गया था।
   2. RBI किसानों को KCC पर 2% की ब्याज छूट और 3% का त्वरित पुनर्भुगतान प्रोत्साहन प्रदान करता है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**किसान क्रेडिट कार्ड:**

- किसान क्रेडिट कार्ड योजना का मॉडल आर.वी. गुप्ता समिति (1995) की सिफारिशों के आधार पर **नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि**

**और ग्रामीण विकास बैंक )** द्वारा तैयार किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**

- **भारत सरकार किसानों को 2% की ब्याज छूट और 3% का त्वरित** पुनर्भुगतान प्रोत्साहन प्रदान करती है, जिससे उन्हें 4% प्रति वर्ष की बहुत रियायती दर पर ऋण उपलब्ध हो जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह योजना बैंकों को **KCC योजना के संचालन के लिये व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान करती है** तथा कार्यान्वयन करने वाले बैंकों के पास संस्थान/स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप इन्हें अपनाने का विवेकाधिकार होगा।

**10. कायाचिकित्सा, कौमारभृत्य और वाजीकरण निम्नलिखित में से किस चिकित्सा क्षेत्र की शाखाएँ हैं?**

A. सिद्ध
B. आयुर्वेद
C. सोवा रिग्पा
D. यूनानी

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आयुर्वेद**

- आयुर्वेद एक प्राचीन समग्र चिकित्सा प्रणाली है जिसकी उत्पत्ति 3,000 वर्ष पूर्व भारत में हुई थी।
  - यह विश्व की सबसे पुरानी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में से एक है और यह इस विश्वास पर आधारित है कि स्वास्थ्य तथा कल्याण **मन, शरीर एवं आत्मा** के बीच एक नाज़ुक संतुलन पर निर्भर करता है।
  - आयुर्वेद" शब्द संस्कृत शब्दों **"आयुर्" ( जीवन )** और **"वेद" ( ज्ञान या विज्ञान )** से लिया गया है, जिसका अर्थ है "जीवन का ज्ञान" या "जीवन का विज्ञान।"
- **आयुर्वेद की शाखाएँ:**
  - कायाचिकित्सा (आंतरिक चिकित्सा)
  - शल्य तंत्र (शल्य चिकित्सा)
  - शालाक्य तंत्र (सुप्रा-क्लैविक्युलर मूल का रोग)
  - कौमारभृत्य (बाल चिकित्सा)
  - अगद तंत्र (विष विज्ञान)
  - भूतविद्या (मनोचिकित्सा)
  - रसायन तंत्र (कायाकल्प और वृद्धावस्था)
  - **वाजीकरण** (युजनिक्स और कामोद्दीपक का विज्ञान)
- **अत: विकल्प B सही है।**

**11. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. भितरकनिका वन्यजीव अभयारण्य
2. सुंदरबन डेल्टा
3. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

**उपर्युक्त स्थानों में से कहाँ पर खारे जल का मगरमच्छ पाया जा सकता है?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**खारे जल का मगरमच्छ ( Saltwater Crocodile ):**

- **मुहाने या खारे जल का मगरमच्छ** पृथ्वी पर पाया जाने वाला **सबसे बड़ा जीवित सरीसृप** है।
- **खारे जल का मगरमच्छ, दलदली क्षेत्रों का मगरमच्छ** और **घड़ियाल** भारत में मिलने वाली मगरमच्छों की तीन मुख्य प्रजातियाँ हैं।
  - इस समूह में 24 प्रजातियाँ शामिल हैं जिसमें 'ट्रू मगरमच्छ', मगरमच्छ, कैमन और घड़ियाल शामिल हैं।
- वर्तमान में देश में **केवल तीन स्थानों पर** खारे जल का मगरमच्छ पाया जाता है:
  - ओडिशा के **भितरकनिका वन्यजीव अभयारण्य** में इनकी संख्या सर्वाधिक है।
  - **सुंदरबन डेल्टा में यह सीमित संख्या** में मिलते हैं।
  - यह **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के मैंग्रोव वनों** एवं अन्य तटीय क्षेत्रों में भी मिलते हैं।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**12. गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कुनो राष्ट्रीय उद्यान के बाद भारत में चीतों का दूसरा आवास होगा।
2. बेतवा नदी अभयारण्य को लगभग दो बराबर हिस्सों में विभाजित करती है।
3. इसमें सवाना पारिस्थितिकी तंत्र है जिसमें खुले घास के मैदान हैं जिनमें सूखे पर्णपाती पेड़ और झाड़ियाँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य:**

- **गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य**, **कुनो राष्ट्रीय उद्यान** के बाद भारत में चीतों का दूसरा आवास होगा। इसने अफ्रीका से चीतों को फिर से लाने की अपनी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **चंबल नदी** अभयारण्य को लगभग दो बराबर हिस्सों में विभाजित करती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसमें **सवाना पारिस्थितिकी तंत्र** है जिसमें शुष्क पर्णपाती पेड़ों और झाड़ियों के साथ **खुले घास के मैदान** शामिल हैं। हालाँकि **नदी घाटियाँ सदाबहार** हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**13. धान का प्रत्यक्ष बीजारोपण (DSR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धान के बीजों को नर्सरी में पौधे उगाने और फिर उन्हें पानी भरे खेतों में रोपने के बजाय सीधे खेत में बोया जाता है।
2. DSR तेज़ी से रोपण और परिपक्वता प्रदान करता है और पानी और श्रम जैसे दुर्लभ संसाधनों का संरक्षण करता है।
3. एशियाई देशों में इसका व्यापक रूप से अभ्यास किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**धान का प्रत्यक्ष बीजारोपण (DSR):**

- धान का प्रत्यक्ष बीजारोपण (DSR) के तहत, बीजों को सीधे खेत में बोया जाता है, जबकि पारंपरिक तरीके में नर्सरी में पौधे उगाए जाते हैं और फिर उन्हें पानी भरे खेतों में रोपा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- DSR तेज़ी से रोपण और **परिपक्वता प्रदान** करता है और पानी और श्रम जैसे **दुर्लभ संसाधनों** का संरक्षण करता है। यह **कुशल जल प्रबंधन प्रथाओं** के तहत सिंचाई के पानी को 12-35% तक बचाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका** में इसका व्यापक रूप से अभ्यास किया जाता है, लेकिन उत्पादकता चुनौतियों ने एशिया में इसके व्यापक पैमाने पर अपनाने को सीमित कर दिया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**14. गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विधेयक केंद्र सरकार को व्यक्तियों को उनकी गतिविधियों के आधार पर आतंकवादी घोषित करने का अधिकार देता है।
2. यह कुछ शर्तों के अधीन भारत के बाहर किये गए अपराधों के लिये भारतीय और विदेशी नागरिकों पर मुकदमा चलाने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967** को व्यक्तियों और संगठनों की कुछ गैरकानूनी गतिविधियों की अधिक प्रभावी रोकथाम, आतंकवादी गतिविधियों से निपटने तथा उनसे संबंधित मामलों के लिये अधिनियमित किया गया था।
  - गैर-कानूनी गतिविधियों को भारत के किसी भी हिस्से के अधिग्रहण या पृथक्करण का समर्थन या उकसावा देने वाली कार्रवाइयों या इसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर सवाल उठाने वाली या उसका अनादर करने वाली कार्रवाइयों के रूप में परिभाषित किया जाता है।
  - यह अधिनियम **राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA)** के महानिदेशक को संपत्ति की **ज़ब्ती या कुर्की की मंज़ूरी देने का अधिकार** भी देता है, जब एजेंसी द्वारा मामले की जाँच की जा रही हो।

नोट :

- वर्ष 2004 तक **"गैरकानूनी" गतिविधियों का तात्पर्य क्षेत्र के अलगाव एवं अधिग्रहण** से संबंधित कार्यों से था।
  - वर्ष 2004 के संशोधन के बाद, **"आतंकवादी कृत्य" को अपराध की सूची में शामिल** किया गया।
  - वर्ष 2019 के संशोधन द्वारा सरकार को व्यक्तियों को आतंकवादी घोषित करने का अधिकार दिया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारतीय तथा विदेशी दोनों नागरिकों पर आरोप लगाए** जा सकते हैं। यह अपराधियों पर समान रूप से लागू होगा, भले ही अपराध भारत के बाहर किसी विदेशी भूमि पर किया गया हो। **अत: कथन 2 सही है।**

**15. हाल ही में समाचारों में रहा ग्रीन एजुकेशन पार्टनरशिप निम्नलिखित में से किस संगठन से संबंधित है?**

A. यूनेस्को
B. विश्व बैंक
C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
D. पर्यावरण और संसाधन अर्थशास्त्रियों का संघ

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**UNESCO (यूनेस्को):**

- **यूनेस्को, ग्रीनिंग एजुकेशन पार्टनरशिप** का नेतृत्व कर रहा है, जिसमें अब तक 80 से अधिक सदस्य देश शामिल हो चुके हैं तथा यह संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, नागरिक समाज एवं युवा संगठनों के साथ-साथ निजी क्षेत्र सहित 1,300 से अधिक संगठनों के बीच सहयोग को सक्षम बनाता है।
- इसका **लक्ष्य वर्ष 2030 तक कम से कम 50% स्कूलों, कॉलेजों** एवं **विश्वविद्यालयों** को ग्रीन शिक्षण संस्थानों में बदलना है, ताकि छात्रों को जलवायु के प्रति तैयार किया जा सके एवं सतत् विकास पहलों में सक्रिय भागीदार बनाया जा सके।
- इसका लक्ष्य **वर्ष 2030** तक 90% देशों में **हरित राष्ट्रीय पाठ्यक्रम लागू** करना भी है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**16. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SEBI एक संवैधानिक निकाय है।
2. यह स्व-नियामक संगठनों को बढ़ावा देने और विनियमित करने तथा धोखाधड़ी वाली योजनाओं पर रोक लगाने के लिये कार्य करता है।
3. SEBI उद्यम पूंजी कोष और म्यूचुअल फंड सहित सामूहिक निवेश योजनाओं के कामकाज के पंजीकरण और विनियमन का कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2
B. 1, 2 और 3
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- SEBI भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के अनुसार 12 अप्रैल, 1992 को स्थापित एक सांविधिक निकाय (एक गैर-संवैधानिक निकाय जिसे संसद द्वारा स्थापित किया गया) है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह स्व-नियामक संगठनों को बढ़ावा देने और विनियमित करने तथा धोखाधड़ी योजनाओं पर रोक लगाने के लिये कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- SEBI उद्यम पूंजी कोष और म्यूचुअल फंड सहित सामूहिक निवेश योजनाओं के कामकाज के पंजीकरण और विनियमन का कार्य करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- हाल ही में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India- SEBI) ने इनिशियल पब्लिक ऑफर (Initial public offering- IPO) के लिये बाज़ार में उतरने वाली कंपनियों हेतु प्रमोटरों की परिभाषा का विस्तार किया है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**17. कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कराकोरम परमाणु संयंत्र के बाद आयातित प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर (PWR) तकनीक का उपयोग करने वाला भारत का दूसरा परमाणु संयंत्र है।
2. फ्राँस के समन्वय से इसका आधुनिकीकरण किया गया है।
3. यह भारत का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2
B. 1, 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 2

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह आयातित प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर (PWR) तकनीक का उपयोग करने वाला भारत का पहला परमाणु संयंत्र है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- रूस के रोसाटॉम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से इसका आधुनिकीकरण किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका निर्माण वर्ष 2002 में शुरू हुआ तथा वर्ष 2027 तक इसके पूरी क्षमता से संचालित होने की उम्मीद है।
- यह भारत का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। **अत: कथन 3 सही है।**
- यह आयातित **PWR (प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर)** तकनीक का उपयोग करने वाला भारत का पहला परमाणु संयंत्र है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मार्सुपियल्स अपने नवजात शिशुओं को अपने शरीर के सामने या नीचे की एक बाहरी थैली के अंदर बड़ा करते हैं।
2. प्लेसेंटल अंडे देने वाले स्तनधारी जीव हैं।
3. अधिकांश मार्सुपियल्स ऑस्ट्रेलिया तथा दक्षिण अमेरिका में पाए जाते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मार्सुपियल्स एवं प्लेसेंटल्स:**

- मार्सुपियल **एक स्तनपायी** है जो अपने नवजात शिशुओं को अपने **शरीर के सामने या नीचे एक बाहरी थैली के अंदर** बड़ा करता है।**अत: कथन 1 सही है।**
- प्लेसेंटल **एक स्तनपायी जीव** है जो माँ के अंदर भ्रूण का विकास पूरा करता है, तथा प्लेसेंटा नामक अंग द्वारा पोषित होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मार्सुपियल तथा प्लेसेंटल स्तनधारी **दोनों समूह जीवित जीवों को जन्म** देते हैं।
- यद्यपि जीवाश्म रिकॉर्ड से पता चलता है कि पहले वे अधिक व्यापक रूप से वितरित थे, अधिकांश **मार्सुपियल्स** जीव **ऑस्ट्रेलिया तथा दक्षिण अमेरिका** में पाए जाते हैं।**अत: कथन 3 सही है।**

**19. सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट, 2024 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें प्रत्येक वर्ष 193 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों द्वारा सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs) की दिशा में की गई प्रगति की समीक्षा की जाती है।
2. इसे संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा जारी किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट/सतत् विकास रिपोर्ट, 2024:**

- सतत् विकास रिपोर्ट (SDR) में **प्रत्येक वर्ष 193 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों द्वारा सतत् विकास लक्ष्यों** (वर्ष 2015 में अपनाए गए) की दिशा में की गई प्रगति की समीक्षा की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 2016 से **संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क (SDSN)** द्वारा जारी किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**20. राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे नीति आयोग द्वारा केंद्रीय बजट 2021-22 के तहत "परिसंपत्ति मुद्रीकरण" के लिये अधिदेश के आधार पर विकसित किया गया है।
2. यह वित्त वर्ष 2025 तक 60 लाख करोड़ रुपए की कुल मुद्रीकरण क्षमता का अनुमान लगाता है।
3. यह परियोजनाओं का स्वामित्व निजी क्षेत्र को हस्तांतरित करता है और उत्पन्न धन का उपयोग बुनियादी ढाँचे के निर्माण के लिये करता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP):**

- **राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP)** को **नीति आयोग द्वारा बुनियादी ढाँचे से जुड़े मंत्रालयों के** परामर्श से विकसित किया गया है, जो **केंद्रीय बजट 2021-22 के तहत "परिसंपत्ति मुद्रीकरण" के लिये अधिदेश** पर आधारित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- NMP में वित्त **वर्ष 2022 से वित्त वर्ष 2025 तक चार वर्ष की अवधि में केंद्र सरकार की मुख्य परिसंपत्तियों** के माध्यम से **6 लाख करोड़ रुपए की कुल मुद्रीकरण क्षमता का अनुमान लगाया** गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य **निजी क्षेत्र को शामिल करके ब्राउनफील्ड परियोजनाओं** में मूल्य अनलॉक करना, उन्हें परियोजनाओं में स्वामित्व नहीं बल्कि **राजस्व अधिकार हस्तांतरित करना और देश भर में बुनियादी ढाँचे** के निर्माण के लिये उत्पन्न धन का उपयोग करना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**21. ग्रेट निकोबार आइलैंड (GNI) प्रोजेक्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उत्तरी छोर पर लागू किया जाने वाला प्रोजेक्ट है।
2. यह मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित है, जो हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ने वाला प्रमुख जलमार्ग है।
3. इसमें एक अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्राँस-शिपमेंट टर्मिनल (ICTT), एक ब्राउनफील्ड डोमेस्टिक और एक ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा शामिल है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 2

B. 1, 2 और 3

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2021 में प्रारंभ हुआ **ग्रेट निकोबार आइलैंड (GNI) प्रोजेक्ट, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह** के दक्षिणी छोर पर लागू किया जाने वाला एक मेगा प्रोजेक्ट है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें द्वीप पर एक ट्रांस-शिपमेंट पोर्ट, एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, टाउनशिप विकास और 450 MVA गैस और सौर-आधारित विद्युत संयंत्र विकसित करना शामिल है।
- यह मलक्का जलडमरूमध्य के करीब स्थित है, जो हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ने वाला मुख्य जलमार्ग है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस प्रोजेक्ट को **नीति आयोग** की रिपोर्ट के बाद लागू किया गया था, जिसमें द्वीप की लाभप्रद स्थिति का उपयोग करने की क्षमता की पहचान की गई थी।
- इस मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन **अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह एकीकृत विकास निगम (ANIIDCO)** द्वारा किया जा रहा है, इसमें एक अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्राँस-शिपमेंट टर्मिनल (ICTT) और एक **ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा** शामिल करने का प्रस्ताव है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**22. ब्लू प्लैनेट प्राइज़ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी शुरुआत वर्ष 1992 में रियो अर्थ समिट के दौरान की गई थी।
2. यह पर्यावरण संबंधी समस्याओं के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये किसी संगठन या व्यक्ति को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
3. वर्ष 2024 में यह पुरस्कार जैवविविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर अंतर-सरकारी मंच (IPBES) को प्रदान किया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 2

B. 1, 2 और 3

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 2

**उत्तर: B**

नोट :

**व्याख्या:**

**ब्लू प्लैनेट प्राइज़:**

- इसकी शुरुआत वर्ष 1992 में रियो अर्थ समिट के दौरान की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह पुरस्कार जापान के असाही ग्लास फाउंडेशन द्वारा ऐसे वैज्ञानिक अनुसंधान एवं इसके अनुप्रयोग में उत्कृष्ट उपलब्धियों हेतु प्रतिवर्ष दिया जाता है, जिससे वैश्विक पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान करने में सहायता मिली हो। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2024 में यह पुरस्कार जैवविविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर अंतर-सरकारी मंच (IPBES) और यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल प्रॉस्पेरिटी के रॉबर्ट कोस्टान्ज़ा को दिया गया। **अत: कथन 3 सही है।**

**23. वॉच एंड वार्ड कमेटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन वर्ष 1947 में स्वतंत्रता के पश्चात् संसद की सुरक्षा के लिये किया गया था।
2. इस समिति की अध्यक्षता सरदार वल्लभ भाई पटेल ने की थी।
3. इस समिति का नाम वर्ष 2009 में परिवर्तित करके संसद सुरक्षा सेवा कर दिया गया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. 1, 2 और 3

C. केवल 3

D. केवल 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **वॉच एंड वार्ड कमेटी** की स्थापना 8 अप्रैल, 1929 की घटना के बाद की गई थी, जब क्रांतिकारी भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने विधानसभा में बम फेंका था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी स्थापना केंद्रीय विधानसभा के अध्यक्ष **विट्ठलभाई पटेल** की पहल पर की गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस समिति का नाम वर्ष 2009 में बदलकर **संसद सुरक्षा सेवा-PSS** कर दिया गया, जो लोकसभा अध्यक्ष के नियंत्रण में है। **अत: कथन 3 सही है।**
- 13 दिसंबर, 2023 को संसद भवन में एक असाधारण सुरक्षा उल्लंघन के बाद अप्रैल 2024 में **केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल** (Central Industrial Security Force- CISF) को संसद की सुरक्षा सौंप दी गई।

**24. जलवायु वित्तपोषण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के अनुसार, विकसित देश वर्ष 2020 तक विकासशील देशों को प्रति वर्ष 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान करने पर सहमत हुए।
2. वर्ष 1992 में स्थापित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) द्वारा उच्च आय वाले देशों को विकासशील देशों को जलवायु वित्त प्रदान करने का निर्देश दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जलवायु वित्तपोषण:**

- कोपेनहेगन प्रतिबद्धता, 2009 के अनुसार, विकसित देश वर्ष 2020 तक विकासशील देशों को प्रतिवर्ष 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर उपलब्ध कराने पर सहमत हुए थे। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह जलवायु परिवर्तन को कम करने या उसके अनुकूल होने के लिये आवश्यक बड़े पैमाने पर निवेश को संदर्भित करता है।
- वर्ष 1992 में स्थापित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) द्वारा उच्च आय वाले देशों को विकासशील देशों को जलवायु वित्त प्रदान करने का निर्देश दिया। **अत: कथन 2 सही है।**

**25. पश्चिमी घाट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पश्चिमी घाट एक ब्लॉक पर्वत है जो भूमि के एक भाग के हिंद महासागर में नीचे की ओर झुकने के कारण निर्मित हुए।

नोट :

2. इसे यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल तथा विश्व की जैवविविधता के आठ महत्त्वपूर्ण हॉटस्पॉट में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है।
3. नीलगिरि पर्वत, पश्चिमी घाट को पूर्वी घाट से जोड़ता हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पश्चिमी घाट:**

- ब्लॉक पर्वत, जो **पश्चिमी घाट का निर्माण** करते हैं, तब निर्मित हुए जब भूमि का एक हिस्सा नीचे की ओर मुड़ गया और अरब सागर में चला गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे **यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल** तथा **विश्व की जैवविविधता के आठ महत्त्वपूर्ण हॉटस्पॉट में से एक** के रूप में मान्यता प्राप्त है। **अतः, कथन 2 सही है।**
- नीलगिरि पर्वत, **पश्चिमी घाट को पूर्वी घाट से जोड़ता** है। **अतः कथन 3 सही है।**
- प्रसिद्ध हिल स्टेशन: **माथेरान, लोनावाला-खंडाला, महाबलेश्वर, पंचगनी, अंबोली घाट, कुद्रेमुख एवं कोडागु** यही पर स्थित हैं।

**26. दया याचिका के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा और भारत जैसे कई देशों में इसका पालन किया जाता है।
2. कोई भी अपराधी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत भारत के राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका प्रस्तुत कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **दया याचिका मृत्यु या कारावास की सज़ा पाए** किसी व्यक्ति द्वारा राष्ट्रपति या राज्यपाल से दया की मांग करने का औपचारिक अनुरोध है।
- दया याचिका का विचार संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा और भारत जैसे कई देशों में अपनाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में संवैधानिक ढाँचे के अनुसार, राष्ट्रपति के पास दया याचिका अंतिम **संवैधानिक उपाय** है, जो किसी **अपराधी को न्यायालय द्वारा सजा सुनाए** जाने के बाद उपयोग में लाया जा सकता है।
  - भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 72** के तहत एक दोषी भारत के राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका प्रस्तुत कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसी प्रकार भारत के संविधान के **अनुच्छेद 161** के तहत **क्षमादान देने की शक्ति राज्यों** के राज्यपालों को प्रदान की गई है।

**27. कवच प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. यह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित टक्कर रोधी विशेषताओं के साथ वर्ष 2020 में लॉन्च किया गया एक कैब सिग्नलिंग ट्रेन नियंत्रण प्रणाली है।
2. यह सुरक्षा अखंडता स्तर-4 (SIL-4) मानकों का पालन करता है और मौजूदा सिग्नलिंग प्रणाली पर सतर्क निगरानी के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2020 में लॉन्च किया गया **कवच, तीन भारतीय विक्रेताओं के सहयोग से अनुसंधान डिज़ाइन और मानक संगठन (RDSO)** द्वारा विकसित टक्कर-रोधी सुविधाओं वाला एक कैब सिग्नलिंग ट्रेन नियंत्रण प्रणाली है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- इसे **राष्ट्रीय स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ATP) प्रणाली** के रूप में अपनाया गया है।
- यह **सुरक्षा अखंडता स्तर-4 (Safety Integrity Level-SIL-4 मानकों का पालन** करता है और मौजूदा सिग्नलिंग प्रणाली पर सतर्क निगरानीकर्त्ता के रूप में कार्य करता है, जो 'रेड सिग्नल' के निकट पहुँचने पर लोको पायलट को सचेत करता है और सिग्नल को पार होने से रोकने के लिये आवश्यक होने पर स्वचालित ब्रेक लगाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कवच का लक्ष्य भारत के **68,000 किलोमीटर से अधिक के व्यापक रेलवे नेटवर्क** को सुरक्षित करना है, लेकिन इसकी शुरूआत के बाद से वर्तमान में केवल **1,500 किलोमीटर ही इस प्रणाली से सुसज्जित** है।
    - ट्रैकसाइड स्थापना के लिये प्रति किमी 50 लाख रुपए और प्रति ट्रेन 70 लाख रुपए की लागत आती है।

**28. ई-श्रम पोर्टल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह असंगठित श्रमिकों के लिये पूरे भारत में प्रवासी या असंगठित श्रमिकों हेतु एक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने के उद्देश्य प्रस्तुत किया गया एक "वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" है।
2. इसे राष्ट्रीय कॅरियर सेवा (NCS) पोर्टल, स्किल इंडिया डिजिटल हब (SIDH), मायस्कीम पोर्टल और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (PMSYM) योजना के साथ एकीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **ई-श्रम** पोर्टल को वर्ष 2021 में असंगठित श्रमिकों के लिये **"वन-स्टॉप-सॉल्यूशन"** के रूप में लॉन्च किया गया था, ताकि पूरे भारत में प्रवासी या असंगठित श्रमिकों हेतु एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाया जा सके और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुँच को सुविधाजनक बनाया जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **राष्ट्रीय कॅरियर सेवा (NCS) पोर्टल, स्किल इंडिया डिजिटल हब (SIDH), मायस्कीम पोर्टल और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (PMSYM) योजना** के साथ एकीकृत है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **ई-श्रम पोर्टल का प्रदर्शन** श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के सचिव के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा 4 जून 2024 को जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में आयोजित **112वें अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन** के दौरान किया गया।

**29. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. अपशिष्ट जल उपचार
2. हवाई अड्डे
3. सड़कें
4. स्वास्थ्य और शिक्षा

**उपर्युक्त में से कौन-से क्षेत्र व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (VGF) के अंतर्गत स्वीकार्य हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (VGF):**

- **व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (VGF)** योजना का उद्देश्य उन **बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं** को समर्थन देना है जो आर्थिक रूप से उचित हैं लेकिन **वित्तीय व्यवहार्यता से मामूली रूप से कम** हैं।
- इस योजना के अंतर्गत सहायता केवल उन **बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिये उपलब्ध** है, जहाँ निजी क्षेत्र के प्रायोजकों का **चयन प्रतिस्पर्द्धी बोली प्रक्रिया** के माध्यम से किया जाता है।
- **व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (VGF) के लिये स्वीकार्य क्षेत्रों** की सूची में सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे जैसे सड़क, हवाई अड्डे, जल आपूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, **अपशिष्ट जल उपचार,** स्वास्थ्य और शिक्षा आदि शामिल हैं।
- इस योजना के अंतर्गत सहायता केवल उन **बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं** के लिये उपलब्ध है, जहाँ निजी क्षेत्र के प्रायोजकों का चयन प्रतिस्पर्द्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**30. प्रोटेम स्पीकर की प्राथमिक भूमिका क्या है?**

A. अध्यक्ष के अनुपस्थित रहने पर संसदीय सत्र की अध्यक्षता करना।

B. संसद के नए सदस्यों को शपथ दिलाना तथा नए अध्यक्ष का चुनाव कराना।

C. संसदीय स्थायी समिति को विधायी जाँच में सहायता करना।

D. वित्त मंत्री की अनुपस्थिति में वित्तीय विधेयकों का प्रबंधन करना।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रोटेम स्पीकर:**

- प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति **राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 95(1)** के तहत की जाती है, जो **अध्यक्ष के चुनाव तक उसके कर्त्तव्यों का पालन** करता है।
- प्रोटेम स्पीकर के कर्त्तव्य:
  - प्रोटेम स्पीकर **लोकसभा की प्रथम बैठक की अध्यक्षता** करता है और **नवनिर्वाचित सांसदों को पद की शपथ** दिलाता है।
  - स्पीकर तथा डिप्टी स्पीकर के लिये मतदान प्रक्रिया का संचालन करता है। वह **फ्लोर टेस्ट** भी आयोजित करता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**31. धारीदार सीसिलियन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी विशेषता इसका कृमि जैसा शरीर है। इनकी दृष्टि सीमित होती है और ये अपने परिवेश में घूमने के लिये मुख्य रूप से स्पर्श तथा गंध पर निर्भर रहते हैं।
2. उनकी उपस्थिति, उनके प्राचीन वंश के कारण विकास और अंतरमहाद्वीपीय प्रजाति-निर्माण के बारे में महत्त्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिज़र्व में तीव्र सरीसृप सर्वेक्षण के दौरान पहली बार **धारीदार सीसिलियन (इचथियोफिस spp)** नामक एक अंगहीन उभयचर की खोज की गई है।
  - **सरीसृप और उभयचरों को सामूहिक रूप से हरपेटोफ़ौना कहा जाता है।** सीसिलियन इचथियोफिडे परिवार से संबंधित हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इसकी विशेषता इसका **कृमि जैसा शरीर** है। इनकी **दृष्टि सीमित होती** है और ये अपने परिवेश में घूमने के लिये मुख्य रूप से **स्पर्श तथा गंध** पर निर्भर रहते हैं।
    - वे अपना अधिकांश **समय मिट्टी के नीचे** बिताते हैं और मांसाहारी होते हैं।
    - उनकी उपस्थिति, **उनके प्राचीन वंश के कारण विकास और अंतरमहाद्वीपीय प्रजाति-निर्माण** के बारे में महत्त्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - वे पर्यावरण के लिये संकेतक प्रजातियाँ हैं और कीटों को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**32. राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (National Forensic Sciences University) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह फोरेंसिक विज्ञान को समर्पित दुनिया का पहला और एकमात्र विश्वविद्यालय है।
2. इसकी स्थापना वर्ष 2009 में गुजरात फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी के रूप में की गई थी और बाद में वर्ष 2020 में इसका नाम बदलकर NFSU कर दिया गया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- नेशनल फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (NFSU) फोरेंसिक विज्ञान को समर्पित **विश्व का पहला** और एकमात्र विश्वविद्यालय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना वर्ष **2009 में गुजरात फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी** के रूप में हुई थी और बाद में वर्ष 2020 में इसका नाम बदलकर **NFSU** कर दिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- विश्वविद्यालय की स्थापना **फोरेंसिक विज्ञान** में पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिये की गई थी और अब यह **केंद्रीय गृह मंत्रालय** के तहत राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान है।
- इसका मुख्य परिसर **गुजरात के गांधीनगर** में स्थित है।

**33. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **चंद्र मिशन** | **देश** |
|---|---|
| आर्टेमिस कार्यक्रम | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| लूना-25 | जापान |
| Hakuto - R | चीन |
| चांग 4 | चीन |

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

| **चंद्र मिशन** | **देश** |
|---|---|
| आर्टेमिस कार्यक्रम | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| लूना-25 | रूस |
| Hakuto - R | जापान |
| चांग 4 | चीन |

**केवल 2 युग्म सही सुमेलित हैं। अत: विकल्प B सही है।**

**34. RBI के प्रस्तावित डिजिटल भुगतान इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. डिजिटल भुगतान में सुरक्षा को बढ़ाना और धोखाधड़ी के जोखिम को कम करना।
B. केवल फास्टैग के लिये स्वचालित शेष राशि पुन:पूर्ति की अनुमति देना।
C. बैंकों को ब्याज दरें निर्धारित करने में अधिक लचीलापन प्रदान करना।
D. बैंकों में थोक जमा के लिये सीमा बढ़ाना।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

RBI के प्रस्ताव के अनुसार, प्रस्तावित डिजिटल पेमेंट्स इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म का प्राथमिक उद्देश्य डिजिटल भुगतान में सुरक्षा बढ़ाना और धोखाधड़ी के जोखिम को कम करना है। यह प्लेटफॉर्म इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये उन्नत तकनीकों का उपयोग करेगा। अत: विकल्प A सही है।

- RBI ने डिजिटल भुगतान इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म स्थापित करने के प्रस्ताव पर विचार करने के लिये **ए.पी. होता (A.P. Hota) की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है**, जो भुगतान धोखाधड़ी के जोखिम को कम करने हेतु उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करेगी।
- **मार्च 2024 को समाप्त छह महीनों में घरेलू भुगतान धोखाधड़ी 70.64% बढ़कर 2,604 करोड़ रुपए हो गई, मामलों की संख्या 11.5 लाख से बढ़कर 15.51 लाख हो गई।**
- **अन्य प्रस्ताव:**
  - **थोक जमा सीमा बढ़ाई गई:** RBI ने **वाणिज्यिक बैंकों** और लघु वित्त बैंकों के लिये थोक जमा की सीमा 2 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए करने की योजना बनाई है, जबकि स्थानीय क्षेत्र के बैंकों हेतु यह सीमा 1 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है।
  - यह बैंकों को उनकी आवश्यकताओं और परिसंपत्ति-देयता प्रबंधन (Asset-Liability Management- ALM) अनुमानों के आधार पर ब्याज दरें निर्धारित करने में लचीलापन भी प्रदान करता है।
  - RBI ने ई-मैन्डेट ढाँचे के तहत फास्टैग और NCMC के लिये **स्वचालित शेष राशि पुन:पूर्ति** की अनुमति देने की योजना बनाई है, जिसमें 24 घंटे की पूर्व-डेबिट अधिसूचना की आवश्यकता से छूट दी गई है।
  - RBI ने **UPI लाइट** को ई-मैंडेट ढाँचे में एकीकृत करने की योजना बनाई है, जिससे वॉलेट में शेष राशि उपयोगकर्त्ता द्वारा निर्धारित सीमा से कम हो जाने पर स्वचालित रूप से पुन: लोड हो जाएगा, जिससे अतिरिक्त प्रामाणीकरण या प्री-डेबिट नोटिफिकेशन की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

**35. ग्रीन अमोनिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीन अमोनिया उत्पादन वह है जहाँ अमोनिया बनाने की प्रक्रिया 100% नवीकरणीय और कार्बन-मुक्त है।
2. यह पानी के इलेक्ट्रोलिसिस से हाइड्रोजन और हवा से अलग किये गए नाइट्रोजन का उपयोग करके बनाया जाता है।

3. अमोनिया को आसानी से थोक में मामूली दबाव (10-15 बार) पर ठोस रूप में संग्रहीत किया जा सकता है या -33 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा किया जा सकता है।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. केवल 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ग्रीन अमोनिया:**
  - **अमोनिया** एक ऐसा रसायन है जिसका उपयोग मुख्य रूप से **यूरिया तथा अमोनियम नाइट्रेट** जैसे **नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों के निर्माण** में किया जाता है, लेकिन इसका उपयोग अन्य उपयोगों जैसे कि इंजन संचालन के लिये भी किया जा सकता है।
  - **ग्रीन अमोनिया** उत्पादन वह है जहाँ अमोनिया निर्माण की प्रक्रिया 100% **नवीकरणीय एवं कार्बन** मुक्त होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **उत्पादन की विधि:**
  - यह **जल के इलेक्ट्रोलिसिस से हाइड्रोजन एवं वायु से अलग नाइट्रोजन का उपयोग करके निर्मित** किया जाता है। फिर इन्हें हेबर प्रक्रिया में डाला जाता है, जो सभी सतत् विद्युत द्वारा संचालित होते हैं।
- हरित अमोनिया उत्पादन में **जलविद्युत**, सौर ऊर्जा अथवा पवन टर्बाइन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग किया जाता है।
  - हैबर प्रक्रिया में, हाइड्रोजन तथा नाइट्रोजन को उच्च तापमान एवं दबाव पर एक साथ प्रतिक्रिया करके अमोनिया ($NH_3$) का उत्पादन किया जाता है।
- **उपयोग:**
  - **ऊर्जा भंडारण:** अमोनिया को तरल रूप में आसानी से मध्यम दबाव (10-15 बार) पर या -33 डिग्री सेल्सियस पर रेफ्रिज़रेट करके बड़ी मात्रा में संग्रहित किया जा सकता है। यह इसे अक्षय ऊर्जा के लिये एक आदर्श रासायनिक भंडार बनाता है।
  - **शून्य कार्बन ईंधन:** अमोनिया को इंजन में जलाया जा सकता है या विद्युत उत्पादन के लिये ईंधन सेल में प्रयोग किया जा सकता है। जब इसका उपयोग किया जाता है, तब अमोनिया के केवल उप-उत्पाद जल एवं नाइट्रोजन होते हैं।
  - **समुद्री उद्योग:** समुद्री उद्योग द्वारा समुद्री इंजनों में ईंधन तेल के उपयोग को प्रतिस्थापित करते हुए इसे शीघ्र अपनाने की संभावना है।

**36. वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GST भारत में वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर लगाया जाने वाला एकल-चरणीय प्रत्यक्ष कर है।
2. GST का भुगतान उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है, लेकिन यह वस्तुओं और सेवाओं को बेचने वाले व्यवसायों द्वारा सरकार को प्रेषित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वस्तु एवं सेवा कर (GST):**

- वस्तु एवं सेवा कर भारत में वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर लगाया जाने वाला एक **बहुस्तरीय, गंतव्य-आधारित, अप्रत्यक्ष कर** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- GST का भुगतान उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है, लेकिन यह वस्तुओं और सेवाओं को बेचने वाले व्यवसायों द्वारा सरकार को प्रेषित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष **2016 के 101वें संशोधन अधिनियम** ने देश में एक नई कर व्यवस्था अर्थात् वस्तु एवं सेवा कर (GST) को लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया।
- इस संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में एक नया **अनुच्छेद 279-A जोड़ा** गया, जो राष्ट्रपति को एक आदेश द्वारा वस्तु और सेवा कर परिषद या माल तथा सेवा कर परिषद का गठन करने की शक्ति प्रदान करता है।

नोट :

**37. बालोन प्रोटीन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक प्राकृतिक प्रोटीन है जो साइक्रोबैक्टर यूरेटिवोरन्स नामक जीवाणु में पाया जाता है और आर्कटिक पर्माफ्रॉस्ट में जीवित रह सकता है।
2. बैलोन की आनुवंशिक और जैव रासायनिक विशेषताएँ जैव-प्रौद्योगिकीय प्रक्रियाओं के लिये शीत-अनुकूलित एंज़ाइमों एवं जैव उत्प्रेरकों के विकास में योगदान दे सकती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बालोन प्रोटीन:**

- बालोन एक प्राकृतिक प्रोटीन है जो **साइक्रोबैक्टर यूरेटिवोरन्स नामक जीवाणु में पाया जाता है** और आर्कटिक पर्माफ्रॉस्ट में जीवित रह सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बालोन की आनुवंशिक और जैव रासायनिक विशेषताएँ जैव-प्रौद्योगिकीय प्रक्रियाओं के लिये **शीत-अनुकूलित एंज़ाइमों तथा जैव उत्प्रेरकों** के विकास में योगदान दे सकती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- बालोन की कार्यप्रणाली अन्य प्रोटीनों से भिन्न है जो कोशिकाओं को धीमा या बंद करने में मदद करते हैं।
    - **बालोन** के मामले में जब बैक्टीरिया की बाह्य परिस्थितियाँ बेहतर हुईं, तो कोशिकाओं ने प्रोटीन संश्लेषण पुनः शुरू कर दिया।

**38. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (NDRF) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (DM अधिनियम) की धारा 46 में परिभाषित किया गया है।
2. यह भारत सरकार के "लोक लेखा" के अंतर्गत "ब्याज रहित आरक्षित निधि" की श्रेणी में आता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (NDRF):**

- वर्ष **2005 में आपदा प्रबंधन अधिनियम** के लागू होने के साथ **राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता निधि (NCCF)** का नाम बदलकर **राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया निधि (NDRF)** कर दिया गया।
    - इसे **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (DM अधिनियम) की धारा 46** में परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे भारत सरकार के **"लोक लेखा"** में **"ब्याज रहित आरक्षित निधि"** के अंतर्गत रखा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **लोक लेखा:** इसका गठन **संविधान के अनुच्छेद 266 (2)** के तहत किया गया था। यह उन लेन-देन के प्रवाह का लेखा-जोखा रखता है, जहाँ **सरकार केवल बैंकर के रूप में कार्य कर रही है जैसे कि भविष्य निधि, लघु बचत आदि**। ये निधियाँ सरकार की नहीं होती हैं और इन्हें कुछ समय के बाद वापस चुकाना होता है।
    - इससे होने वाले व्यय को संसद द्वारा अनुमोदित करने की आवश्यकता नहीं होती है।

**39. ऑपरेशन ब्लूस्टार के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में छिपे अलगाववादियों को हटाने के लिये किये गए भारतीय सैन्य अभियान का आधिकारिक कोड नाम है।
2. इस ऑपरेशन के दो घटक थे, ऑपरेशन मेटल जो मंदिर परिसर पर आक्रमण था और ऑपरेशन शॉप जो राज्य के ग्रामीण इलाकों तक ही सीमित था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ऑपरेशन ब्लूस्टार:**

- यह **5 जून, 1984** को अमृतसर के **स्वर्ण मंदिर के अंदर छिपे अलगाववादियों को हटाने के लिये एक भारतीय सैन्य**

**अभियान** को दिया गया एक **कोड नाम** है। **अतः कथन 1 सही है।**

- इस ऑपरेशन का आदेश तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दिया था, जिसका मुख्य **उद्देश्य अमृतसर स्थित हरमंदिर साहिब परिसर** (जिसे स्वर्ण मंदिर के नाम से जाना जाता है) पर नियंत्रण करना था।
- भारतीय सेना ने **सिख कट्टरपंथी धार्मिक नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले और उनके सशस्त्र अनुयायियों** को बाहर निकालने के लिये मंदिर परिसर में प्रवेश किया।
- इस ऑपरेशन के दो घटक थे, **ऑपरेशन मेटल** जो मंदिर परिसर पर आक्रमण था और **ऑपरेशन शॉप** जो राज्य के ग्रामीण इलाकों तक ही सीमित था। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस ऑपरेशन से **खालिस्तानी आतंकवाद को खत्म** करने में सहायता मिली।

**40. भक्ति आंदोलन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भक्ति आंदोलन 7वीं शताब्दी में दक्षिण भारत में शुरू हुआ और 14वीं तथा 15वीं शताब्दी के दौरान उत्तर भारत में फैल गया।
2. भक्ति आंदोलन के लोकप्रिय कवि-संतों जैसे- रामानंद और कबीर दास ने स्थानीय भाषाओं में भक्ति गीत गाए।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **15वीं शताब्दी के भारतीय रहस्यवादी कवि और संत** कबीर दास का जन्म उत्तर प्रदेश के **वाराणसी** में एक **मुस्लिम परिवार** में हुआ था, किंतु उनका **पालन-पोषण एक हिंदू** बुनकर दंपत्ति ने किया था।
- वे **भक्ति आंदोलन** में एक उल्लेखनीय व्यक्ति थे, जिसमें **ईश्वर के प्रति समर्पण और प्रेम पर ज़ोर** दिया गया था।
  - भक्ति आंदोलन **7वीं शताब्दी में दक्षिण भारत** में शुरू हुआ और **14वीं तथा 15वीं शताब्दी के दौरान उत्तर भारत** में फैल गया। **अतः कथन 1 सही है।**
  - भक्ति आंदोलन के लोकप्रिय कवि-संतों, जैसे- **रामानंद** और **कबीर दास** ने स्थानीय भाषाओं में भक्ति गीत गाए। **अतः कथन 2 सही है।**

**41. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. जयपुर
2. मलप्पुरम
3. मैसूर
4. श्रीनगर

**उपर्युक्त में से किन शहरों को विश्व शिल्प परिषद (WCC) द्वारा "विश्व शिल्प शहर" के रूप में मान्यता दी गई है?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**विश्व शिल्प शहर:**

- श्रीनगर विश्व शिल्प परिषद (World Craft Council-WCC) द्वारा '**विश्व शिल्प शहर (World Craft City-WCC)**' के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाला **चौथा भारतीय शहर** बन गया है।
  - वर्ष 2021 में श्रीनगर शहर को शिल्प और लोक कलाओं के लिये **यूनेस्को क्रिएटिव सिटी नेटवर्क (UNESCO Creative City Network- UCCN)** के हिस्से के रूप में एक **रचनात्मक शहर** नामित किया गया था।
- **जयपुर, मलप्पुरम और मैसूर** अन्य तीन भारतीय शहर हैं जिन्हें पहले **विश्व शिल्प शहरों** के रूप में मान्यता दी जा चुकी है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**42. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के तहत मौजूदा राज्यों के नामों में परिवर्तन का प्रावधान है?**

A. अनुच्छेद 1
B. अनुच्छेद 2
C. अनुच्छेद 3
D. अनुच्छेद 4

**उत्तर: C**

नोट :

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 3:**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 3** में नए राज्यों के **गठन** तथा विद्यमान राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में परिवर्तन का प्रावधान है।
- **इस संबंध में दो शर्तें हैं:**
  - इसके लिये कोई विधेयक **राष्ट्रपति** की **पूर्व सिफारिश** से ही **संसद** में पेश किया जा सकता है।
  - राष्ट्रपति को एक निश्चित अवधि के भीतर राज्य विधानमंडल को अपने विचार व्यक्त करने के लिये इसे संदर्भित करना होगा। केंद्रशासित प्रदेश के मामले में कोई संदर्भ देने की आवश्यकता नहीं है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**43. पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार (Panchayats Extension to Scheduled Areas- PESA) अधिनियम, 1996 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिये स्वशासन सुनिश्चित करने के लिये अधिनियमित किया गया था।
2. यह प्राकृतिक संसाधनों पर जनजातीय समुदायों के पारंपरिक अधिकारों को स्वीकार करता है।
3. छठी अनुसूची क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले अधिकांश पूर्वोत्तर राज्य PESA अधिनियम, 1996 के अंतर्गत आते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार (Panchayats Extension to Scheduled Areas- PESA) अधिनियम, 1996:**

- **अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत विस्तार (PESA) अधिनियम, 1996 अनुसूचित क्षेत्रों** में रहने वाले लोगों के लिये **ग्राम सभाओं** के माध्यम द्वारा **स्वशासन** सुनिश्चित करने हेतु अधिनियमित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **प्राकृतिक संसाधनों** पर आदिवासी समुदायों के पारंपरिक अधिकारों को **स्वीकार** करता है। आदिवासी अन्य चीज़ों के अलावा **छोटे (गैर-लकड़ी) वन संसाधनों, छोटे जल निकायों और छोटे खनिजों** पर नियंत्रण कर सकते हैं, स्थानीय बाज़ारों का प्रबंधन कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **छठी अनुसूची** क्षेत्रों (जहाँ स्वायत्त परिषदें मौजूद हैं) के अंतर्गत आने वाले अधिकांश **पूर्वोत्तर राज्य PESA** के अंतर्गत नहीं आते हैं, क्योंकि इन राज्यों में **शासन** के लिये अपनी **स्वायत्त परिषदें** हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**44. भारत में सरोगेसी से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी अनुमति केवल परोपकारी उद्देश्यों के लिये है।
2. ऐसे भ्रूण का गर्भपात केवल सरोगेट माँ की सहमति से ही किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **सरोगेसी** एक ऐसी प्रथा है जिसमें एक महिला किसी इच्छित दंपति के लिये बच्चे को जन्म देती है, इस इरादे से कि जन्म के बाद वह उसे उन्हें सौंप देगी।
- इसे **केवल परोपकारी उद्देश्यों** के लिये या उन जोड़ों के लिये अनुमति दी जाती है जो सिद्ध बाँझपन या बीमारी से पीड़ित हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसे वाणिज्यिक प्रयोजनों जैसे- बिक्री, वेश्यावृत्ति या किसी अन्य प्रकार के शोषण के लिये प्रतिबंधित किया गया है।
- सरोगेसी से पैदा हुआ बच्चा दंपति की जैविक संतान माना जाएगा।
- ऐसे भ्रूण के गर्भपात की **अनुमति केवल सरोगेट माँ** और अधिकारियों की **सहमति से ही** मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट 2021 के प्रावधानों के अनुसार दी जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**45. निम्नलिखित में से कौन-सा मेटाबोलिक एसिडोसिस का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. यह अत्यधिक एसिड के उत्पादन को संदर्भित करता है जिसे किडनी द्वारा बाहर नहीं निकाला जा सकता है।

B. यह हाइपरक्लोरेमिया के कारण आयन अंतराल में वृद्धि की विशेषता है।

C. यह प्रतिपूरक श्वसन क्षारीयता के परिणामस्वरूप बाइकार्बोनेट के स्तर में कमी लाता है।

D. यह एक ऐसी स्थिति है जहाँ गुर्दे की शिथिलता के कारण बाइकार्बोनेट सांद्रता में प्राथमिक वृद्धि होती है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मेटाबोलिक एसिडोसिस**

- शरीर में मेथनॉल विषाक्त उप-उत्पादों मुख्यत: **फॉर्मिक एसिड** में टूट जाता है।
- यह एसिड रक्त में शरीर के कमज़ोर **pH संतुलन** को बाधित करता है, जिससे **मेटाबोलिक एसिडोसिस** (**अत्यधिक एसिड** का उत्पादन जिसे किडनी द्वारा बाहर नहीं निकाला जा सकता) नामक स्थिति पैदा होती है।
- इससे **रक्त अधिक अम्लीय** हो जाता है, जिससे उसके ठीक से काम करने की क्षमता बाधित हो जाती है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**46. नैट्रॉन झील के संदर्भ में कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. यह तंज़ानिया और ज़ाम्बिया की सीमा पर स्थित है।

B. इसका पानी अत्यधिक क्षारीय होता है।

C. यह एक मान्यता प्राप्त रामसर साइट और महत्त्वपूर्ण पक्षी तथा जैवविविधता क्षेत्र (IBA) है।

D. यह छोटे फ्लेमिंगो के लिये विश्व का सबसे बड़ा प्रजनन स्थल है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**नैट्रॉन झील:**

- **नैट्रॉन झील** एक **नमकीन झील** है जो **तंज़ानिया और केन्या** की सीमा पर स्थित है, यह **रिफ्ट वैली** की पूर्वी शाखा का हिस्सा है।
- झील में आने वाला पानी पास के **माउंट ओल डोइन्यो लेंगाई (Mt Ol Doinyo Lengai)** के ज्वालामुखीय पदार्थों से होकर आता है। इसलिये, झील का पानी **अत्यधिक क्षारीय** होता है।
- यह तंज़ानिया में एक मान्यता प्राप्त **रामसर स्थल** और **महत्त्वपूर्ण पक्षी एवं जैवविविधता क्षेत्र (IBA)** है।
- यह विश्व में **छोटे फ्लेमिंगो** के लिये **सबसे बड़ा प्रजनन स्थल** है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**47. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. कोझिकोड
2. जयपुर
3. मुंबई
4. हैदराबाद

**उपर्युक्त में से किस शहर को यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (UCCN) के तहत "सिटी ऑफ लिटरेचर" के रूप में मान्यता प्राप्त है?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (UCCN):**

- अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिये प्रसिद्ध **कोझिकोड** को आधिकारिक तौर पर **भारत का पहला** यूनेस्को "**सिटी ऑफ लिटरेचर**" घोषित किया गया है।
- अक्तूबर 2023 में, कोझीकोड को **यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (UCCN)** की "**साहित्य" श्रेणी** में स्थान मिला था।
- कोझिकोड ऐतिहासिक रूप से एक महत्त्वपूर्ण **बंदरगाह शहर** रहा है, जहाँ फारसियों, अरबों, चीनियों और यूरोपीय लोगों का स्वागत किया जाता रहा है।
- **पहले मलयालम उपन्यास, कुंडलता (Kundalatha)** की रचना वर्ष **1887** में कोझिकोड में **अप्पू नेदुंगडी** द्वारा की गई थी।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**48. सिंधु जल संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस समझौते पर वर्ष 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षर हुए थे तथा इसकी मध्यस्थता संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी।

2. इसमें निर्धारित किया गया है कि सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों का पानी भारत और पाकिस्तान के बीच कैसे साझा किया जाएगा।
3. इसने तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम को भारत को आवंटित किया तथा तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास एवं सतलुज को अप्रतिबंधित उपयोग के लिये पाकिस्तान को आवंटित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **19 सितंबर, 1960** को **विश्व बैंक** की मध्यस्थता के माध्यम से **भारत एवं पाकिस्तान** के बीच कराची (पाकिस्तान) में सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किये गए। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें निर्धारित किया गया है कि **सिंधु नदी प्रणाली** की छह नदियों **(सिंधु नदी और इसकी पाँच सहायक नदियाँ सतलुज, ब्यास, रावी, झेलम और चिनाब)** का जल **भारत एवं पाकिस्तान** के बीच किस प्रकार विभाजित किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसने तीन **पश्चिमी नदियों** सिंधु, चिनाब तथा झेलम को भारत द्वारा कुछ गैर-उपभोग्य, कृषि एवं घरेलू उपयोगों को छोड़कर अप्रतिबंधित उपयोग के लिये पाकिस्तान को आवंटित किया तथा तीन **पूर्वी नदियों रावी, ब्यास एवं सतलुज को अप्रतिबंधित उपयोग के लिये भारत को आवंटित** किया गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**49. विदेशी मुद्रा भंडार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी मुद्रा भंडार केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं में आरक्षित रखी गई परिसंपत्तियाँ हैं, जिनमें बॉण्ड, ट्रेज़री बिल और अन्य सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल हो सकती हैं।
2. भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में- विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियाँ, स्वर्ण भंडार, एसडीआर, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के साथ आरक्षित स्थिति शामिल हैं।
3. वर्तमान अधिदेश के अनुसार भारत के पास 6 महीने की आयात आवश्यकताओं के लिये विदेशी मुद्रा भंडार होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **विदेशी मुद्रा भंडार** एक केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं में आरक्षित रखी गई परिसंपत्तियाँ हैं, जिनमें **बॉण्ड, ट्रेज़री बिल** और अन्य **सरकारी प्रतिभूतियाँ** शामिल हो सकती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत के विदेशी मुद्रा भंडार** में- **विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियाँ, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के साथ आरक्षित स्थिति** शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1990-91 के आर्थिक संकट के बाद, **भुगतान संतुलन पर उच्च स्तरीय समिति** ने सिफारिश की थी कि भारत के पास **12 महीने की आयात आवश्यकताओं** के लिये विदेशी मुद्रा भंडार होना चाहिये। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**50. हंसा मेहता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNGA के अध्यक्ष द्वारा कूटनीति में महिलाओं के लिये अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर हंसा मेहता को सम्मानित किया।
2. अखिल भारतीय महिला सम्मेलन (AIWC) की अध्यक्ष के रूप में उन्होंने भारतीय महिला अधिकार चार्टर के प्रारूपण का नेतृत्व किया।
3. वह संविधान सभा की प्रांतीय संविधान समिति की सदस्य भी थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: A**

नोट :

**व्याख्या:**

- हाल ही में **संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA)** के अध्यक्ष द्वारा **कूटनीति में महिलाओं के लिये अंतर्राष्ट्रीय दिवस** पर **हंसा मेहता** को सम्मानित किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 1946** में **अखिल भारतीय महिला सम्मेलन (AIWC)** की अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने **"भारतीय महिला अधिकार चार्टर"** के प्रारूपण का नेतृत्व किया, जिसमें भारत में महिलाओं के लिये **लैंगिक समानता, नागरिक अधिकार एवं न्याय की मांग** की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- वह भारत की **संविधान सभा** तथा **सलाहकार समिति** एवं **मौलिक अधिकारों** पर उप-समिति की सदस्य थीं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**51. हिंदू कुश हिमालय (HKH) क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिम में अफगानिस्तान से लेकर भारत सहित पूर्व में म्याँमार तक विस्तृत है।
2. यह सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी प्रणालियों का स्रोत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हिंदू कुश हिमालय (HKH):**

- **हिंदू कुश हिमालय (HKH)** क्षेत्र भारत सहित पश्चिम में अफगानिस्तान से लेकर पूर्व में म्याँमार तक विस्तृत है।
  - यह **आठ देशों अफगानिस्तान**, बांग्लादेश, भूटान, चीन, **भारत, नेपाल, म्याँमार** और पाकिस्तान तक विस्तृत है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह दस बड़ी एशियाई नदी प्रणालियों का स्रोत है, अर्थात् अमु दरिया, **सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र (यारलुंगत्सानपो), इरावदी, साल्विन (नू), मेकांग (लंकांग),** यांग्त्से (जिंशा), येलो रिवर (हुआंगहे) और तारिम ( दयान) आदि। **अत: कथन 2 सही है।**

**52. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. आनंदमठ
2. दुर्गेशनंदिनी
3. गीताबितण
4. देवी चौधरानी

**उपर्युक्त में से कौन-सी रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय से जुड़ी है?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2 और 4
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय:**

- **आनंदमठ** एक बंगाली उपन्यास है, जिसे **बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय** ने लिखा और **वर्ष 1882 में** प्रकाशित किया।
  - यह 18वीं **शताब्दी के अंत में संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि में स्थापित किया गया** था।
  - भारत का राष्ट्रीय गीत, **वंदे मातरम्**, प्रथम बार इस उपन्यास में प्रकाशित हुआ था।
- **दुर्गेशनंदिनी** बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1865 में लिखा गया एक ऐतिहासिक रोमांटिक उपन्यास है।
  - दुर्गेशनंदिनी **जगत सिंह**, एक मुगल सेनापति, तिलोत्तमा, एक बंगाली सामंत की बेटी और **आयशा**, एक विद्रोही पठान नेता की बेटी, जिसके खिलाफ जगत सिंह लड़ रहे थे, के बीच **प्रेम त्रिकोण** की कहानी है।
- देवी चौधरानी बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखित तथा वर्ष 1884 में प्रकाशित एक बंगाली उपन्यास है।
- गीताबितण एक पुस्तक संग्रह है जिसमें रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखे गए 2,232 गीत है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**53. निम्नलिखित में से क्या कुज़नेट वक्र द्वारा प्रदर्शित किया गया है?**

A. मुद्रास्फीति और बेरोज़गारी के बीच संबंध।
B. पर्यावरणीय क्षरण और आर्थिक विकास के बीच संबंध।
C. सार्वजनिक खर्च और जीडीपी वृद्धि के बीच संबंध।
D. आय असमानता और आर्थिक विकास के बीच संबंध।

**उत्तर : D**


**व्याख्या:**

**कुज़नेट वक्र:**

- **कुज़नेट वक्र** आय असमानता और आर्थिक विकास के बीच संबंधों का एक **ग्राफिकल प्रदर्शन है।**

नोट :

- यह प्रदर्शित करता है कि विकास के **आरंभिक चरणों में** तीव्र विकास के साथ **असमानता बढ़ती है**। हालाँकि **आय के एक निश्चित स्तर के बाद**, अर्थव्यवस्था में वृद्धि के साथ ही **असमानता में कमी होने लगती है**।
- कुज़नेट वक्र को अक्सर **उल्टे U-आकार के वक्र** के रूप में दर्शाया जाता है।




- **अत: विकल्प D सही है।**

**54. भारत में कपास की खेती से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत एकमात्र ऐसा देश है जो कपास की सभी चार किस्मों का उत्पादन करता है।
2. इसके लिये दीर्घकालीन शीत से मुक्त अवधि के साथ उष्ण और धूप वाली जलवायु की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **कपास** भारत में खेती की जाने वाली सबसे महत्त्वपूर्ण व्यावसायिक फसलों में से एक है और कुल वैश्विक कपास उत्पादन का लगभग **25%** हिस्सा है।
  - भारत में इसके आर्थिक महत्त्व के कारण इसे **"व्हाइट-गोल्ड"** भी कहा जाता है।
- भारत में लगभग 67% कपास वर्षा आधारित क्षेत्रों में और 33% सिंचित क्षेत्रों में उत्पादित किया जाता है। **यह एकमात्र देश है जो कपास की सभी चार किस्मों का उत्पादन करता है। अत: कथन 1 सही है।**
- कपास की खेती के लिये लंबे समय तक **पाले से मुक्त अवधि के साथ उष्ण और धूप वाली जलवायु की आवश्यकता होती है**। उष्ण एवं आर्द्र जलवायु परिस्थितियाँ इसके लिये अनुकूल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अत: विकल्प C सही है।**

**55. गैंडों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उजंग कुलोन राष्ट्रीय उद्यान जंगली जावा गैंडों का अंतिम आवास है।
2. 28 सितंबर को विश्व गैंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है।
3. व्हाइट गैंडों को IUCN रेड लिस्ट में निकट संकटग्रस्त श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **इंडोनेशिया में उजंग कुलोन राष्ट्रीय उद्यान गंभीर संकटग्रस्त जावा गैंडों की अंतिम आवास** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **विश्व गैंडा दिवस वास्तव में प्रत्येक वर्ष 22 सितंबर को मनाया जाता है** (28 सितंबर को नहीं)। यह दिन पाँच गैंडों की प्रजातियों और उनके सामने आने वाले संकटों जैसे- अवैध शिकार और निवास स्थान के नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये समर्पित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **व्हाइट गैंडा को वास्तव में IUCN रेड लिस्ट में निकट संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।** हालाँकि संरक्षण प्रयासों ने उनकी संख्या बढ़ाने में मदद की है, फिर भी उन्हें अवैध शिकार और निवास स्थान के नुकसान से महत्त्वपूर्ण खतरों का सामना करना पड़ता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**56. विपक्ष के नेता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के कम से कम एक-चौथाई सीटें रखने वाले सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को विपक्ष का नेता माना जाता है।
2. यह एक संवैधानिक पद है एवं नेता प्रतिपक्ष को कैबिनेट मंत्री के समकक्ष वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाएँ प्राप्त होती हैं।

3. वह कुछ सांविधिक निकायों के प्रमुखों की नियुक्ति हेतु विभिन्न चयन समितियों का सदस्य होने का हकदार है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विपक्ष के नेता (Leader of the Opposition- LOP):**

- **लोकसभा** की कम से कम कुल संख्या के **दसवें हिस्से के बराबर** सीटें रखने वाले **सबसे बड़े विपक्षी दल** के नेता को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दी जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- दोनों सदनों में विपक्ष के नेता को **संसद में विपक्षी नेता वेतन और भत्ते अधिनियम, 1977** के तहत **सांविधिक मान्यता** प्रदान की गई थी और वे कैबिनेट मंत्री के बराबर वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाओं के हकदार हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वह **केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग, CBI, NHRC और लोकपाल** जैसे **सांविधिक** निकायों के प्रमुखों की नियुक्ति के लिये ज़िम्मेदार विभिन्न चयन समितियों का सदस्य होने का हकदार है। **अत: कथन 3 सही है।**

**57. बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह महाराष्ट्र राज्य में नागपुर के पास स्थित है।
2. यह विश्व के उन कुछ स्थानों में से एक है जहाँ बड़े शहर के समान वन संरक्षित है।
3. भारत की सबसे बड़ी तेंदुआ सफारी का उद्घाटन बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान में किया गया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान कर्नाटक में बैंगलोर** के पास स्थित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान दुनिया के उन कुछ स्थानों में से एक है जहाँ **बड़े शहर के इतने करीब वन संरक्षित** है। इसमें चिड़ियाघर, सफारी, तितली पार्क और बचाव केंद्र (बंदी जानवरों का संरक्षण) जैसी विभिन्न इकाइयाँ हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल ही में बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान में **भारत की सबसे बड़ी तेंदुआ सफारी** का उद्घाटन किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान को **वर्ष 2004** में **बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान (Bannerghatta National Park-BNP)** से अलग कर दिया गया और वर्ष 1974 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा प्राप्त हुआ।

**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2023 में भारत प्रेषण प्रवाह सूची में शीर्ष पर था, उसके बाद मैक्सिको का स्थान था।
2. भारत में कुल प्रेषण प्रवाह का लगभग 50% संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और सिंगापुर से उच्च-कुशल भारतीय प्रवासियों द्वारा भेजा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**धनप्रेषण:**

- धनप्रेषण वह धन या वस्तुएँ हैं जो **प्रवासी अपने देश में अपने परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान** करने के लिये भेजते हैं।
- वर्ष 2023 में भारत प्रेषण प्रवाह सूची में शीर्ष पर था, उसके बाद **मैक्सिको (66 बिलियन अमरीकी डॉलर), चीन (50 बिलियन अमरीकी डॉलर), फिलीपींस (39 बिलियन अमरीकी डॉलर) और पाकिस्तान (27 बिलियन अमरीकी डॉलर) का** स्थान था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भारत में कुल धन प्रेषण प्रवाह का लगभग **36% संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और सिंगापुर** जैसे 3 उच्च आय वाले देशों में निवास करने वाले **उच्च कुशल भारतीय प्रवासियों** द्वारा होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**59. DRDO द्वारा विकसित "अभ्यास" का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. विभिन्न मिसाइल प्रणालियों के लिये हवाई लक्ष्य के रूप में कार्य करना।

B. अंतरिक्ष में पेलोड पहुँचाना।

C. हवाई निगरानी और टोही का संचालन करना।

D. सशस्त्र बलों के लिये वास्तविक समय संचार लिंक प्रदान करना।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (HEAT) 'अभ्यास':**

- **रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने अभ्यास: हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट** का विकासात्मक परीक्षण किया।
- परीक्षण और अभ्यास सत्रों के दौरान HEAT का उपयोग मिसाइलों और अन्य पेलोड के लिये हवाई लक्ष्य के रूप में किया जाएगा।
- यह **हथियार प्रणालियों के अभ्यास के लिये यथार्थवादी** खतरा परिदृश्य प्रस्तुत करता है।
- यह **स्वदेशी प्रणाली ऑटोपायलट, विमान एकीकरण, उड़ान-पूर्व जाँच** और स्वायत्त उड़ान के लिये लैपटॉप-आधारित ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम की सहायता से स्वायत्त उड़ान हेतु डिज़ाइन की गई है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**60. अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत, ईरान, अज़रबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ले जाने के लिये जहाज़, रेल और सड़क मार्गों को जोड़ने वाला एक मल्टीमोड ट्रांजिट रूट है।
2. इसे वर्ष 2000 में परिवहन पर यूरो-एशियाई सम्मेलन में ईरान, रूस और भारत द्वारा हस्ताक्षरित एक त्रिपक्षीय समझौते द्वारा लॉन्च किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC):**
  - अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (**INSTC**) **7,200 किलोमीटर का मल्टीमोड ट्रांज़िट रूट है जो हिंद** महासागर और **फारस की खाड़ी को ईरान के माध्यम से कैस्पियन सागर और रूस में** सेंट पीटर्सबर्ग के माध्यम से उत्तरी यूरोप तक जोड़ता है।
  - यह भारत, ईरान, अज़रबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिये जहाज़, रेल और सड़क मार्गों को जोड़ता है। **अत: कथन 1 सही है।**

**उद्भव:**

- **इसे सदस्य राज्यों के बीच परिवहन सहयोग को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2000 में परिवहन पर यूरो-एशियाई सम्मेलन में ईरान**, रूस और भारत द्वारा हस्ताक्षरित एक त्रिपक्षीय समझौते द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में **12 सितंबर 2000 को लॉन्च किया** गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

**अनुसमर्थन:**

- INSTC सदस्यता का विस्तार 10 और देशों (कुल 13) - अज़रबैजान, आर्मेनिया, कजाकिस्तान, किर्गिज़स्तान, ताज़िकिस्तान, तुर्की, यूक्रेन, सीरिया, बेलारूस और ओमान को शामिल करने के लिये किया गया है।

■■■